आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 24 | इंदौर, मंगलवार 05 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline



1. NDA संसदीय दल की बैठक: ऑपरेशन सिंदूर के लिए PM मोदी का सम्मान; संसद के मानसून सत्र के बीच पहला सर्वदलीय समागम



2. Shibu Soren: 'सबसे कठिन दौर से गुजर रहा हूं, झारखंड की आत्मा का स्तंभ चला गया', शिबू सोरेन के निधन पर CM हेमंत



3. UP: पूर्वांचल के छह जिलों के 500 से अधिक गांव बाढ़ से घिरे, 3 की मौत; वाराणसी में 12वीं तक के स्कूल दो दिन बंद

## मध्यप्रदेश के बड़े शहरों को मिलेगा

# मेट्रोपॉलिटन रीजन का दर्जा

### विकास को मिलेगा नया आयाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों को मेट्रोपॉलिटन रीजन का दर्जा देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सोमवार को विधानसभा में "मध्य प्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025" पेश किया गया। इस विधेयक पर मंगलवार को चर्चा की जाएगी। विधेयक के लागू होते ही भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों को नए शहरी ढांचे के तहत विकसित किया जाएगा। इन शहरों के लिए मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता स्वयं मुख्यमंत्री करेंगे। भोपाल के लिए सीमांकन का सर्वे कार्य जारी है, जबकि इंदौर में यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। प्रस्तावित प्राधिकरण में विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव, आयुक्त, नगरीय विकास, राजस्व, परिवहन, ऊर्जा, पर्यावरण जैसे विभागों के प्रतिनिधि, साथ ही मेट्रो, रेलवे, दूरसंचार, नगर निगम और अन्य स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।




### विकास को मिलेगा नया ढांचा

प्राधिकरण का कार्यक्षेत्र मेट्रोपॉलिटन एरिया होगा, जहां वह भूमि उपयोग, अधोसंरचना, परिवहन, ऊर्जा, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विषयों पर योजनाएं तैयार करेगा। इसके दायरे में नगरीय निकायों की विकास योजनाओं की निगरानी, टाउनशिप योजना का निर्माण, भूमि अधिग्रहण एवं आवंटन, तथा निवेश की संभावनाएं तलाशना शामिल रहेगा।

### एकीकृत परिवहन प्रणाली का गठन

प्राधिकरण द्वारा मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी का गठन किया जाएगा, जो संबंधित शहरों में परिवहन नेटवर्क के विकास, संचालन, टिकटिंग प्रणाली और परिवहन संबंधी नीतिगत सलाह के लिए कार्य करेगी।

### योजना समिति और विकास अधिकार

प्रत्येक महानगर क्षेत्र में एक योजना समिति बनाई जाएगी, जिसमें क्षेत्रीय सांसद, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधि सदस्य होंगे। यह समिति निवेश योजनाओं को अंतिम रूप देगी और दो या अधिक महानगरों को एकीकृत रूप से विकसित करने की रूपरेखा तैयार करेगी।

### भूमि उपयोग और शुल्क वसूली का अधिकार

प्राधिकरण को बीडीए (भोपाल विकास प्राधिकरण) या आईडीए (इंदौर विकास प्राधिकरण) की तर्ज पर योजनाएं लागू करने और शुल्क वसूली का अधिकार प्राप्त होगा। इसके तहत दावा-आपत्ति और अधिसूचना की प्रक्रिया भी अनिवार्य रूप से अपनाई जाएगी।

# कचरा डंप किए जाने से इलाके में हवा जहरीली हो गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बिचौली हप्सी इलाके में स्थित सिटी फॉरेस्ट, जो कभी हरियाली और स्वच्छ वातावरण का प्रतीक माना जाता था, अब वहां के रहवासियों के लिए अभिशाप बन गया है। नगर निगम के अधिकारियों के एक फैसले ने इस हरे-भरे क्षेत्र की स्थिति बिगाड़ दी है। जंगल की प्राकृतिक सुंदरता को संजोने की बजाय इसे पत्तियों के कचरे का डंपिंग ग्राउंड बना दिया गया है। नतीजा ये हुआ कि आसपास की आबादी को खराब हवा और दूषित पानी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग बीमार पड़ने लगे हैं और जमीन का पानी इतना गंदा हो गया है कि उसे कपड़े धोने में भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।



रहवासियों के विरोध के बाद अब नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने मामले को दिखवाने का कहा है। करीब 31 एकड़ में फैला यह सिटी फॉरेस्ट पहले इतना दूषित नहीं था। कुछ महीने पहले तक यहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा था। लगभग 10 हजार पेड़ पहले से लगे हैं और 8 हजार और लगाए जाने की तैयारी है। दो हजार पौधे हाल ही में लगाए गए हैं। इस पहाड़ी क्षेत्र को हरा-भरा करने की पूरी कोशिश हो रही थी, लेकिन जैसे ही यहां ग्रीन वेस्ट यानी पत्तियों के कचरे को डंप करने का फैसला लिया गया, परेशानी शुरू हो गई। जहां पहले हरियाली सुकून देती थी, वहीं अब पत्तियों के बड़े-बड़े ढेर और उनसे उठता धुआं लोगों के जीवन में जहर घोल रहा है। पत्तियों का कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड की तर्ज पर यहां जमा किया जा रहा है। जैसे ही इस ढेर में गैस बनती है, खुद-ब-खुद आग लग जाती है और आसपास की कॉलोनियों में धुआं भर जाता है। नगर निगम को बार-बार इस आग को बुझाने की मशक्कत करनी पड़ती है, लेकिन जब तक आग बुझती है, तब तक लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। रहवासियों का कहना है कि खराब हवा की वजह से कई लोग अस्थमा और सांस की बीमारियों का शिकार हो चुके हैं। यह धुआं केवल दिखाई नहीं देता, बल्कि यह हवा में जहर घोल रहा है, जो बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों के लिए खतरा बन चुका है।

# समयसीमा में आवेदकों के प्रकरण निराकृत नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में लोक सेवा ग्यांरटी अधिनियम सहित समयसीमा से जुड़े अन्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। लोक सेवा ग्यांरटी अधिनियम के तहत लापरवाही पाये जाने तथा समयसीमा में आवेदकों के आवेदन निराकृत नहीं करने वाले 13 नायब तहसीलदार/ तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों पर पेनल्टी लगायी गयी है। इनमें 9 नायब तहसीलदार/तहसीलदार तथा 4 ग्राम पंचायतों के सचिव शामिल है। कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि वे लोक सेवा ग्यांरटी अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन करें। आवेदकों की समस्याएं निर्धारित समयसीमा में निराकृत की जाये।

कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण एवं अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, अभियान तथा शासन के निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।



### भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान को गति देने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में संचालित भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान को और अधिक सक्रियता एवं प्रभावशीलता से संचालित किया जाए। शहर के प्रमुख स्थानों, चौराहों, धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखते हुए समाजसेवी संगठनों और पुलिस प्रशासन के सहयोग से योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाए। पुनर्वास की दृष्टि से शासकीय योजनाओं का लाभ भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों तक पहुंचाया जाए।

### पारदर्शिता और जवाबदेही पर विशेष बल

कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी विभागों को आपसी समन्वय, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक विभाग अपने कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा जमीनी स्तर पर वास्तविक लाभार्थियों तक सेवाएं पहुँचाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने विभागीय गतिविधियों की अद्यतन जानकारी साझा की और आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

बैठक में स्मार्ट सिटी परियोजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर. पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई

बैठक में लोक सेवा प्रबंधन गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 4 पंचायत सचिवों, 9 नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों पर पेनल्टी अधिरोपित की गई। यह पेनल्टी नायब तहसीलदार सांवेर पर 14 प्रकरणों में, नायब तहसीलदार खुड़ेल पर 4 प्रकरणों में तथा नायब तहसीलदार मानपुर, मल्हारगंज और गौतमपुरा पर तीन-तीन प्रकरणों में, नायब तहसीलदार बड़ा बांगडदा पर दो प्रकरण में लगायी गई है। इसी तरह तहसीलदार खुड़ेल, कनाड़िया और नायब तहसीलदार बेटमा पर एक-एक प्रकरण में पेनल्टी लगायी है। इसी प्रकार जिले की सैंडल, कालीबिलौद, बाई और बरलई जागीर ग्राम पंचायत के सचिवों पर एक-एक प्रकरण पर पेनल्टी लगायी गई है। इन अधिकारी-कर्मचारियों से प्रति प्रकरण 250 रुपये के मान से पेनल्टी की वसूली की जायेगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत की चिन्हित सेवा की समयसीमा उपलब्धता में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराएं।

## घर बैठे मैरिज रजिस्ट्रेशन, पति या पत्नी बाहर तो वीडियो कॉल करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नगर निगम इंदौर का पोर्टल बनकर तैयार हो चुका है। 15 अगस्त से इसके शुरू होने की संभावना है। अभी इसका ट्रायल किया जा रहा है। वार्ड 82 में सबसे पहले काम शुरू होगा फिर पूरे शहर में इसे लागू किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से लोग घर बैठे ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे। संपत्तिकर भर सकेंगे। इंदौर में संपत्तिकर के सात लाख खाते हैं।



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि डिजिटल इंदौर की अवधारणा को साकार करने के लिए एकीकृत नगर निगम पोर्टल की आवश्यकता है, जिससे नागरिकों को विभिन्न सेवाएं घर बैठे सरल, सुलभ और पारदर्शी तरीके से मिल सकें। इस पोर्टल के माध्यम से संपत्ति कर, जल कर और कचरा प्रबंधन शुल्क जैसे करों की वसूली अब एक ही करदाता आईडी के माध्यम से संभव होगी। डिजिटल पते को इस नई प्रणाली में जोड़कर एक एकीकृत पहचान प्रणाली विकसित करने का प्रस्ताव सामने आया है। इससे करदाताओं को बार-बार जानकारी भरने की आवश्यकता नहीं होगी और दोहरे खाते की समस्या भी समाप्त हो सकेगी। विशेषज्ञों के द्वारा बताया गया है कि पोर्टल पर भुगतान के लिए कई विकल्प उपलब्ध रहेंगे, जिससे नागरिक अपनी सुविधा अनुसार भुगतान कर सकेंगे। संपत्तिकर से जुड़ी प्रक्रिया में एआरओ, बिल कलेक्टर और कैशियर की भूमिकाएं पोर्टल के माध्यम से स्पष्ट रूप से तय की जाएंगी। जन्म-मृत्यु पंजीकरण के साथ-साथ विवाह पंजीयन प्रक्रिया भी सरल होगी। यदि पति-पत्नी में से कोई एक इंदौर में मौजूद है और दूसरा किसी अन्य शहर में है, तो ऐसी स्थिति में एक की भौतिक उपस्थिति और दूसरे की वर्चुअल उपस्थिति (वीडियो कॉल) के माध्यम से विवाह पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। इससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकेगा।

## इंदौर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन आरएपीटीसी मैदान में होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाया जायेगा। इस दिन मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी मैदान में आयोजित होगा। समारोह की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर आशीष सिंह ने आयोजन की सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।**



कलेक्टर आशीष सिंह ने यहां समारोह की तैयारियों की समीक्षा ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर और रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर आशीष सिंह ने 15 अगस्त को जिले में स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महेश गार्ड लाइन में आयोजित होने वाले समारोह के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इस अवसर पर बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन राज्य शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशानुसार होगा। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि इस वर्ष भी समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय पर्व के आयोजन में सभी अधिकारी/ कर्मचारी भी अनिवार्य रूप से शामिल हो। सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं में अनिवार्य रूप से ध्वजारोहण किया जाये। ध्वजारोहण का कार्यक्रम ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं, प्रमुख भवनों, चौराहों आदि स्थानों पर विद्युत साज-सज्जा करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि समारोह में वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों और संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाये। यह पुरस्कार वास्तविक हकदार को मिले यह सुनिश्चित किया जाये। इसके लिये 12 अगस्त तक प्रस्ताव आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये। बताया गया कि समारोह की तैयारियों का पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को सुबह 9 बजे होगा।

## बगैर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने पर संबंधित एजेंसी और इंजीनियर पर होगी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में सड़क सुरक्षा समिति के अनुमोदन के बगैर स्पीड ब्रेकर बनाये जाने पर संबंधित एजेंसी और इंजीनियर के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। उनसे निर्माण की राशि वसूल करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा आदेश जारी कर दिये गए है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि जिले में सड़क सुरक्षा समिति के अनुमोदन के बगैर कहीं भी स्पीड ब्रेकर नहीं बनाये जाये। ज्ञात रहे कि सड़क सुरक्षा समिति की गत 26 जुलाई 2025 को हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था। बैठक में पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया था, कि शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर सड़क सुरक्षा समिति के अनुमोदन के बिना विभिन्न विभागों के इंजीनियर द्वारा बगैर मापदण्ड, बगैर गुणवत्ता के स्पीड ब्रेकर बनाये जा रहे हैं।

## देवी अहिल्याबाई के पुण्य स्मरण पर भजन स्पर्धा, गूंजा विठ्ठल-विठ्ठल विट्ठला.. भजन

**इंदौर। देवी अहिल्यबाई के पुण्य स्मरण पर क्लर्क कॉलोनी के रामदास समर्थ मंडल के मंदिर प्रांगण में भजन स्पर्धा रविवार को आयोजित हुई। जिसमें 23 भजन मंडलों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। हॉल में जब विठ्ठल-विठ्ठल विठ्ठला.. भजन गूंजा तो श्रोता भी भक्ति भाव में नाच उठे। तीन घंटे तक अलग-अलग विधा के भजन प्रस्तुत हुए।**



स्पर्धा संयोजक प्रकाश खानवलकर, अशोक घुमनर ने बताया कि स्पर्धा में शहर के अलग-अलग स्थानों से भजन मंडल शामिल हुए। इसमे प्रथम स्वराई भजन मंडल, द्वितीय श्रीकृपा भजन मंडल और तृतीय स्थान पर आनंद भजन मंडल रहे। इन्हे गांधी हॉल में आयोजित पुण्यतिथि समारोह में पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। स्पर्धा में पाऊल भजन, कबीर भजन, अंभग सहित अलग-अलग विधा के भजनों की प्रस्तुति दी गई। स्पर्धा में महामंडलेश्वर नितिन दास महाराज, पार्षद सुनीता चौखंडे, विनिता मोर्य भी अतिथि के रुप में मौजूद रहे। आभार शरयु वाघमारे ने माना। देवी अहिल्या बाई के पुण्य स्मरण समारोह की कड़ी में छह अगस्त को सुबह 11 बजे वैष्णव स्कूल राजमोहल्ला में लोक नृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा।

हेलमेट को लेकर याचिका

# कोर्ट ने कहा सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूरी

## सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में हेलमेट के बगैर पंपों पर पेट्रोल नहीं दिए जाने के प्रशासन के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। कोर्ट में इस मामले में सुनवाई पूरी हो चुकी है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूरी है। कलेक्टर को इस तरह का आदेश जारी करने में मजा नहीं आया। यह लाखों लोगों की जिंदगी का सवाल है।**

कोर्ट ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ने बैठक में कहा था कि हेलमेट अनिवार्य की जाना चाहिए। इसके बाद आदेश जारी हुआ। याचिकाकर्ता ने कहा कि बैठक में सड़क के गड्ढे ठीक करने व चौराहों की ट्रैफिक इंजीनियरिंग के लिए भी कहा गया, लेकिन उस पर अफसरों ने अमल नहीं किया। जजों ने सुनवाई के दौरान कहा कि हाईकोर्ट में भी बगैर हेलमेट एंट्री नहीं देने का नियम लागू किया जाएगा। एक जज ने कहा कि हमने हाईकोर्ट के बाहर देखा था कि एक वाहन में पांच लोग सवार थे। उन्होंने हेलमेट भी नहीं पहना था। इस तरह के लोग जब हादसे का शिकार होते है तो वे दूसरे वाहन चालकों के लिए भी खतरा बनते है, इसलिए हेलमेट जरुरी है। सोमवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इंदौर में हेलमेट अनिवार्य करने को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा का बयान आया है। उन्होंने कहा कि जनहानि से बचने के लिए हेलमेट शहरवासियों को पहनना चाहिए, लेकिन इसकी अनिवार्यता अलग-अलग चरणों में होना चाहिए। शहरवासियों को हेलमेट उपलब्ध कराए, उन्हें जागरुक करे। राखी व अन्य पर्वो को देखते हुए हेलमेट की अनिवार्यता के आदेश में शिथिलता लाना चाहिए।

# कर्णावत होटल में मारपीट दोनों पक्षों पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राऊ इलाके में कर्णावत होटल में कस्टमर और वहां काम करने वाले कर्मचारियों के बीच झगड़ा हो गया। यहां दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। हालांकि पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज की है। जिसकी जांच की जा रही है।**

राऊ पुलिस ने अभिषेक पुत्र केसरगिरी, निवासी सांवेर की शिकायत पर दिलीप पुत्र भगवान टाकिया, निवासी दिग्विजयनगर मल्टी, द्वारकापुरी और अरविंद पुत्र शंभु सिंह के खिलाफ मारपीट को लेकर केस दर्ज किया है। अभिषेक ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है। रविवार रात वह कर्णावत होटल में खाना खाने गया था। जहां मैं बचा हुआ खाना डस्टबिन में डाल रहा था। इसी दौरान कर्मचारी मेरे पास आए और अपशब्द कहते हुए मारपीट कर दी।

वहीं, होटल में काम करने वाले कर्मचारी दिलीप टाकिया की ओर से अभिषेक और उसके साथियों पर मारपीट को लेकर केस दर्ज कराया गया है। दिलीप ने बताया कि वह अपने साथी कर्मचारी अरविंद के साथ काम कर रहा था। उसी समय अभिषेक खाना टेबल पर गिराकर खा रहा था, जिससे आसपास के लोगों को खाना खाने में दिक्कत हो रही थी। इस पर दिलीप ने अभिषेक को सही तरीके से खाना खाने के लिए कहा। खाना खाकर वह चला गया, लेकिन कुछ देर बाद अपने साथियों को लेकर लौटा और अपशब्द कहते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान अन्य कर्मचारियों ने आकर बचाव किया। बाद में आरोपी धमकी देकर चले गए। पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्रवाई की है।

# दामाद ने ससुर और साली से की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तेजाजी नगर में एक युवती और उसके पिता के साथ अस्पताल में दामाद ने मारपीट कर दी। वह पत्नी का बिना जानकारी दिए उपचार कराने की बात से नाराज था। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

तेजाजी नगर पुलिस ने बताया कि रिया खेड़े, निवासी भावना नगर लिंबोंदी की शिकायत पर रविवार को समीर शारदे, सुरेश शारदे, ममता शारदे, भीम शारदे, संतोष शारदे और भोला शारदे के खिलाफ ट्रॉमा सेंटर अस्पताल के बाहर मारपीट करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। रिया ने पुलिस को बताया कि वह निजी बैंक कर्मचारी है। उसकी बहन सानिया ने मार्च 2025 में समीर से लव मैरिज की थी। पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही थी, लेकिन ससुराल वाले ठीक से उपचार नहीं करा रहे थे। बहन सानिया से बातचीत के बाद वह पिता के साथ उसे ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंची। यहां रात करीब 10 बजे रिया अपने पिता के साथ बाहर खड़ी थी। तभी समीर, उसके पिता और मां वहां पहुंचे। समीर ने कहा कि पत्नी का उपचार मैं करवाऊंगा, मेरे से बिना पूछे इलाज कैसे करा रहे हैं। इसके बाद तीनों ने रिया के पिता को अपशब्द कहे। समीर ने फोन करके अपने अन्य परिवारजनों को बुलाया और रिया व उसके पिता के साथ बुरी तरह मारपीट की। इसके बाद सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। रिया अपने पिता के साथ थाने पहुंची और सभी के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# स्टूडेंट्स का यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बीएड चौथे सेमिस्टर के खराब रिजल्ट के विरोध में स्टूडेंट्स ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी गेट पर बैठ गए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। कुछ दिन पहले जारी बीएड चौथे सेमिस्टर के रिजल्ट को लेकर उनमें नाराजगी है। वे दोबारा रिजल्ट की जांच की मांग कर रहे हैं। सोमवार दोपहर को बीएड के स्टूडेंट्स आरएनटी मार्ग स्थित यूनिवर्सिटी पर एकत्रित हुए। खराब रिजल्ट के विरोध में उन्होंने प्रदर्शन शुरू किया। हाथों में तख्तियां लेकर स्टूडेंट्स यहां पहुंचे थे। स्टूडेंट्स का कहना था कि एग्जाम में करीब आठ हजार स्टूडेंट्स शामिल हुए। हाल ही में रिजल्ट जारी किया गया। इसमें करीब तीन हजार स्टूडेंट्स ही पास हुए। बाकी स्टूडेंट्स या तो फेल हो गए या उन्हें एटी-केटी आई है।

# ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने ब्राउन शुगर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं। बदमाशों के पास से मिली 19 ग्राम ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 2 लाख रुपए है। बदमाश शहर में नशा करने वाले लोगों को ज्यादा दामों पर ब्राउन शुगर की सप्लाई करते थे। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम स्नेहलतागंज स्थित सरकारी पशु चिकित्सालय के सामने पहुंची। यहां पर बाइक सवार दो संदिग्ध युवक टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। इस पर टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। उनसे पूछताछ कि तो एक ने अपना नाम विनोद उर्फ विशाल दरियानी (41) निवासी विदुर नगर और दूसरे ने विक्की गुजराती (36) निवासी द्वारकापुरी इंदौर का होना बताया। टीम ने उनकी चेकिंग की तो उनके पास से 19 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। आरोपियों से ब्राउन शुगर और बाइक जब्त कर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है।

# खजराना गणेश मंदिर में स्वर्ण मुकुट की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में भगवान गणेश का चांदी का मुकुट तैयार किया जा रहा है। इसे पूरी तरह तैयार होने में 8 से 10 दिनों का समय लग सकता है। इस मुकुट के तैयार होने के बाद भगवान गणेश को इसे पहनाकर देखा जाएगा। फिटिंग और डिजाइन ठीक रही और समिति ने इसे फाइनल कर दिया तो इसके बाद स्वर्ण मुकुट बनाने का काम शुरू किया जाएगा। दिसंबर-जनवरी तक ये मुकुट तैयार हो सकेगा।



बता दें कि पिछले महीने खजराना गणेश भगवान के लिए नया स्वर्ण मुकुट तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने स्वर्ण मुकुट की डिजाइन तैयार कर ज्वेलर्स को बनाने के लिए दी है। स्वर्ण मुकुट बनाने से पहले चांदी का मुकुट तैयार किया जा रहा है। स्वर्ण मुकुट तैयार करने के लिए भगवान गणेश के साथ ही रिद्धि-सिद्धि और शुभ-लाभ के जो पुराने स्वर्ण आभूषण है। उसका इस्तेमाल किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट ने बताया कि भगवान गणेश का सोने का मुकुट तैयार किया जाएगा। इसके पहले चांदी का मुकुट ज्वेलर्स द्वारा बनाया जा रहा है। जिसे भगवान गणेश को पहनाकर देखा जाएगा। डिजाइन, फिटिंग और समिति की सहमति रहने पर स्वर्ण मुकुट बनाने की प्रोसेस शुरू की जाएगी। हालांकि जो डिजाइन अभी समिति द्वारा दी गई है।

# कुंड में युवक डूबता रहा लोग वीडियो बनाते रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के पास सिमरोल क्षेत्र में रविवार को एक युवक की कुंड में डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। पास ही मौजूद कुछ लोग उसका वीडियो बनाते रहे, जबकि पानी में उतरे उसके दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे।**

खजराना का रहने वाला मोहसिन (26) पुत्र रहमान खान अपने चार दोस्तों अनवर खान, वाहिद खान, हबीब और अन्य के साथ सिमरोल इलाके में स्थित रोशिया बाबा दरगाह के पास बने कुंड में गया था। उसे तैरना नहीं आता था, इसके बाद भी मोहसिन गहरे पानी में उतर गया और डूबने लगा। दोस्तों ने शोर मचाया और बचाने की कोशिश भी की, लेकिन समय पर मदद नहीं मिल सकी। बाद में ग्रामीणों की मदद से मोहसिन को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जब मोहसिन डूब



रहा था, उसी दौरान वहां मौजूद पार्टी मनाने आए कुछ लड़कों ने उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वे उसे बचाने के लिए आवाज तो लगाते रहे, लेकिन किसी ने तुरंत मदद नहीं की। मोहसिन के साथ पानी में उतरे दोस्त भी उसे अपनी आंखों के सामने डूबते हुए देखते रहे। वहीं, घटना के वीडियो में कुछ ग्रामीण यह कहते हुए भी सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने पहले ही सभी को मना किया था कि गहरे पानी में न जाएं, डूबने का खतरा है। फिर भी किसी की बात नहीं मानी और गहराई में चले गए। मोहसिन स्क्रैप का काम करता था। भाई इमरान ने बताया कि मोहसिन घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था। परिवार को यह नहीं पता था कि वह दोस्तों के साथ घूमने और नहाने चला जाएगा। मोहसिन के चार भाई और दो बहनें हैं। पिता का पहले ही निधन हो चुका है। तीन बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी 9 साल की है। एक सात और सबसे छोटी 2 साल की है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खड़े ट्रक में लगी आग, अगला हिस्सा खाक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** धार रोड पर सोमवार अलसुबह एक खड़े ट्रक में आग लग गई। हादसे के समय ड्रायवर ट्रक के अंदर ही सो रहा था। जब केबिन से आग की लपटें उठने लगीं, तो ड्राइवर की नींद खुल गई और उसने बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ देर में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर कर्मियों के मुताबिक घटना प्रातः 4:30 बजे की है। ग्रेड माचल के पास खड़े ट्रक MP09-GG-0537 में आग लग गई थी। ट्रक के ड्राइवर दीपक ने फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। दमकल मौके पर पहुंची और करीब एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग के कारण ट्रक का आगे का हिस्सा पूरी तरह से खाक हो गया। ट्रक के मालिक सोहनलाल रघुवंशी ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी। उन्होंने बताया कि घटना के समय ट्रक खाली था।

# कार व बाइक की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** सोनकच्छ-पीपलरावां मार्ग पर सुरजना फाटा पर सोमवार शाम को कार व बाइक की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य को सोनकच्छ में प्राथमिक उपचार के बाद देवास रेफर कर दिया गया, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार सुरजना फाटे पर शाम करीब छह बजे पीपलरावां से आ रही बाइक को कार के चालक ने जोरदार टक्कर मारते हुए करीब 20 फीट तक घसीट ले गया। हादसे में बाइक सवार गजराज पुत्र किशनलाल ग्राम लसुड़िया जिला शाजापुर, कमल पुत्र नारायण ग्राम सिरोलिया थाना बरोठा, देवकरण पुत्र बापूजी शिंदे स्थाई निवासी ग्राम नागझिरी थाना सोनकच्छ हालमुकाम इंदौर बुरी तरह घायल हो गए। हादसे की सूचना डायल-100 वाहन, 108 एंबुलेंस व पीपलरावां थाने को दी गई। डायल-100 व थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। झाड़ियों से निकालकर डायल-100 वाहन व एक राहगीर के वाहन में तीनो घायलों को सिविल अस्पताल सोनकच्छ लाया गया। यहां ड्यूटी डाक्टर जावेद पठान ने जांच के बाद कमल पुत्र नारायण, देवकरण पुत्र बापूजी को मृत घोषित कर दिया जबकि गजराज पुत्र किशनलाल को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल की एम्बुलेंस से देवास जिला अस्पताल भेजा गया, देवास में उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

# सचिव स्तर का अफसर होगा मेट्रो पॉलिटन सिटी का आयुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मेट्रोपॉलिटन सिटी के महानगर विकास आयुक्त, उसके अधीनस्थ अधिकारी और महानगर विकास समिति के किसी सदस्य के खिलाफ कोई भी वाद या अभियोजन दायर नहीं किया जा सकेगा। ऐसा सिर्फ उसी स्थिति में हो सकेगा, जब समिति द्वारा तय मापदंडों और व्यापक जनहित की अनदेखी की गई हो। नगरीय विकास और आवास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सोमवार को विधानसभा में मेट्रोपॉलिटन सिटी डेवलपमेंट को लेकर विधेयक पेश किया है। विधेयक पर मंगलवार को चर्चा कराई जा सकती है। प्रस्तावित विधेयक में प्रावधान किया है कि मेट्रोपॉलिटन सिटी के एरिया में आवासीय रूप में उपयोग में लाए जाने वाले किसी भवन या उसके बगीचे के हिस्से में महानगर आयुक्त की टीम केवल सूर्योदय और सूर्यास्त के मध्य ही प्रवेश कर सकेगी। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को कम से कम 24 घंटे पूर्व प्रवेश करने की लिखित सूचना देना होगा। इस विधेयक में मेट्रोपॉलिटन सिटी के कार्यक्षेत्र, अथारिटी को लेकर कहा है कि राज्य सरकार महानगर क्षेत्र के लिए एक इंटीग्रेटेड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी का गठन करेगी। इस अथॉरिटी द्वारा ट्रांसपोर्ट और परिवहन उपायों का एक्जीक्यूशन और कोआर्डिनेशन का कार्य किया जाएगा। अथॉरिटी में एक ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट एक्सपर्ट भी शामिल होगा। इंटीग्रेटेड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के काम भी तय कर दिए हैं। इसमें कहा है कि यह अथारिटी विभिन्न यातायात और परिवहन उपायों का सुपरविजन करेगी।

## मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने किया शिवपुरी के ग्राम पचावली में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

# सरकार का पहला कर्त्तव्य है नागरिकों की सुरक्षा : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## सभी प्रभावितों को शीघ्र प्रदान किया जायगा मुआवजा : केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी जिले के ग्राम पचावली पहुंचकर हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित स्थानीय नागरिकों को मकान क्षति तथा खाद्यान्न के लिए सहायता राशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने ग्राम पचावली में ग्रामवासियों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, कोलारस विधायक महेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनहानि, पशुहानि अथवा फसल क्षति जैसी हर स्थिति में सरकार पीड़ितों के साथ है। प्रभावित परिवार को राहत राशि सीधे उनके खाते में प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे बाढ़ प्रभावितों



के दुख-दर्द जानने आए हैं। सरकार हर हाल में प्रभावित परिवारों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार का पहला कर्तव्य हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अतिवर्षा से उत्पन्न परिस्थितियाँ हमारे लिए परीक्षा की घड़ी हैं। जनता के सहयोग और प्रशासन के समर्पण से स्थिति पर नियंत्रण पाया गया है।

उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि एवं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्य निरंतर जारी रहेंगे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। शासन-प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ राहत कार्यों में लगा है। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि चिंता न करें, दुख की घड़ी में सरकार आपके साथ है। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि हम सुख-दुख के हर क्षण प्रभावितों के साथ हैं। संकट की घड़ी में हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार औसत वर्षा से कहीं अधिक वर्षा हुई है, जिसके कारण सिंध नदी में उफान आया और पचावली सहित 32 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने बताया कि ग्वालियर से दो हेलीकॉप्टर राहत कार्य के लिए भेजे गए थे। मौसम प्रतिकूल होने के कारण वे प्रभावित क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पाए। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राहत दलों के संयुक्त प्रयासों से प्रभावित नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया। लगभग 400 लोगों की जान बचाई गई और प्रभावितों को तत्काल आर्थिक सहायता दी गई। उन्होंने कहा कि मक्का एवं सोयाबीन की फसल को व्यापक क्षति हुई है, जिसकी भरपाई के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए।

# 5 आईएएस अफसर के तबादले

## अपर आयुक्त इंदौर अभिलाष मिश्रा को उज्जैन नगर निगम का आयुक्त बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** उज्जैन में नगर निगम में 2017 बैच के आईएएस अधिकारी अभिलाष मिश्रा को कमिश्नर पदस्थ किया है। राज्य शासन ने सोमवार को 5 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए है। स्टडी लीव से लौटे मनीष सिंह को प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा के पद पर पदस्थ किया है। अर्चना सोलंकी को फिर जीएडी में उपसचिव बनाया है। जारी आदेश में प्रमुख सचिव मनीष सिंह को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव के साथ प्रमुख सचिव खेल और युवक कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इसी तरह स्टडी लीव से लौटीं आईएएस जीवी रश्मि को महिला और बाल विकास विभाग में सचिव बनाया है। प्रबंध संचालक बीज और फार्म विकास निगम अनुराग सक्सेना को अपर प्रबंध संचालक राज्य कृषि विपणन बोर्ड की जिम्मेदारी सौंपी है। अपर आयुक्त इंदौर अभिलाष मिश्रा को उज्जैन नगर निगम का आयुक्त बनाया है। संदीप केरकेट्टा को उप सचिव मुख्यमंत्री के साथ प्रबंध संचालक बीज और फार्म विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। मनीष सिंह के प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा का चार्ज लेने के बाद मनु श्रीवास्तव अपर मुख्य सचिव नवीन और नवकरणीय ऊर्जा विभाग खेल और युवक कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। प्रमुख सचिव राजस्व विभाग विवेक पोरवाल तकनीकी शिक्षा और कौशल व रोजगार विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। जीवी रश्मि के प्रभार संभालने के बाद अपर मुख्य सचिव खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग रश्मि अरुण शमी महिला और बाल विकास विभाग के दायित्व से मुक्त होंगी।

# बाबा बागेश्वर पर आरोप लगाने वाले प्रोफेसर को होगी जेल?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। बागेश्वर धाम का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कुछ महिलाओं को एंबुलेंस में भरकर भेजा जा रहा था। पुलिस ने महिलाओं को रोका तो उन्होंने कहा कि जबरदस्ती भेजा रहा है। साथ ही मारने की धमकी मिल रही है। वहीं, धाम की तरफ से जवाब आया था कि यहां लगातार चोरी की घटनाएं घट रही थी। ऐसे में कुछ लोगों को चिह्नित किया गया था। इनको इनके घर भेजा जा रहा था।**

इसे लेकर लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रविकांत ने आरोप लगाया है कि वहां महिलाओं की तस्करी हो रही है। इसके बाद प्रोफेसर के खिलाफ पुलिस में शिकायत हुई है। लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रविकांत ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित छोटा भाई धीरेन्द्र शास्त्री धर्म की आड़ में महिला तस्करी कर रहा है! इसकी गहन जांच करवाकर दोषी पाए जाने पर धीरेन्द्र को फांसी होनी चाहिए। वहीं, इन आरोपों पर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सफाई आई है। उन्होंने कहा है कि अनवरत रूप से कुछ साजिशकर्ता लगे हुए हैं, जो धाम के लिए कुछ न कुछ उपद्रव करते रहते हैं। हम हिंदुओं को एक करने में जुटे हैं। किसी ने हमारे बारे में कुछ कहा है। उनके खिलाफ बागेश्वर धाम जन समिति के लोगों ने एफआईआर करवाई है।

# इंदौर के एएसआई पर भाई की हत्या का आरोप

## ◆ नाबालिग लड़की के जरिए बुना जाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** जिले में सुभाषपुरा थाना अंतर्गत 23 जुलाई को अजय तोमर हत्याकांड की परतें जब खुलीं, तो पुलिस भी हैरान रह गई। जांच में पता चला कि हत्याकांड का मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि खुद मृतक का बड़ा भाई भानू तोमर है जो फिलहाल इंदौर पुलिस में एएसआई पद पर कार्यरत है। इस भाई ने बदले की आग में झुलसकर अपने ही भाई की हत्या करवा दी।

सुपारी दी, साजिश रची, शव का अंतिम संस्कार किया, और तीन दिन बाद बैंकॉक भाग निकला। 2017 में अजय तोमर ने ग्वालियर में अपने ही पिता, पुलिस इंस्पेक्टर हनुमान तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसी वारदात में उसने भानू पर भी जानलेवा हमला किया था, लेकिन भानू बच गया। पिता की मौत के बाद भानू को पुलिस विभाग में अनुकंपा नियुक्ति मिली, लेकिन भाई के लिए उसके मन में बदले की आग सुलगती रही। भानू ने ग्वालियर के कुख्यात अपराधी धर्मेंद्र कुशवाह को एक लाख की सुपारी दी।



धर्मेंद्र पहले भी हत्या के आरोप में जेल जा चुका है, और वहीं उसकी अजय से जान-पहचान हुई थी। धर्मेंद्र ने मोनेश तोमर की मदद से एक नाबालिग लड़की को इंदौर से बुलवाया और अजय से दोस्ती करवाई। 23 जुलाई को जब अजय अपनी कार से ग्वालियर की ओर जा रहा था, लड़की ने वॉशरूम जाने का बहाना कर गाड़ी रुकवाई। इसी बीच पीछा कर रहे भानू और धर्मेंद्र ने अजय पर पीछे से गोलियां बरसा दीं। अजय की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद शिवपुरी जिले की सुभाषपुरा थाना पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। गिरफ्तार हुई नाबालिग लड़की पहले भी इंदौर के बालिका संरक्षण गृह से फरार रह चुकी है और एक गैंगरेप केस में सहआरोपी रही है। पुलिस ने धर्मेंद्र कुशवाह, मोनेश तोमर और नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। धर्मेंद्र ने कबूल किया कि हत्या में वही शूटर था। उसने हथियार और अजय की अंगूठी भी पुलिस को सौंपी। हत्याकांड के बाद शक न जाए, इसके लिए भानू ने खुद मृतक भाई का अंतिम संस्कार करवाया और फिर तीन दिन बाद बैंकॉक भाग गया। अब पुलिस उसकी तलाश में विदेश मंत्रालय, पासपोर्ट विभाग और इमिग्रेशन से संपर्क कर रही है। लुकआउट नोटिस जारी हो चुका है। अब एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने इस हाईप्रोफाइल और पारिवारिक प्रतिशोध की साजिश को उजागर कर दिया है। अब अगला मिशन है, हत्यारे को विदेश से भारत लाना है।

## संपादकीय

# कैसे तय होते हैं ऑपरेशन के नाम

जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से भारतीय सेना के विशेष बलों द्वारा शुरू किए गए ' ऑपरेशन महादेव ' के नाम को लेकर हाल ही में सार्वजनिक बहस छिड़ी। इस बहस ने सैन्य अभियानों के नामकरण में निहित प्रतीकात्मकता और कथित धार्मिकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 12 दिनों तक चलाए गए इस ऑपरेशन में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। इन आतंकियों के अब जघन्य पहलगाम नरसंहार में शामिल होने की पुष्टि हो गई है। फिर भी, कई लोगों ने ऑपरेशन की सफलता पर कम और इसके नामकरण पर अधिक ध्यान केंद्रित किया। इससे सांप्रदायिक निहितार्थ और वैचारिक प्रतीकवाद को लेकर चिंताएं पैदा हुईं। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने छह दशकों से भी अधिक समय तक भारतीय सेना के चरित्र को देखा, जिया और उसका नेतृत्व किया है, मुझे यह विवाद बेतुका लगता है। यह इस बात का प्रतीक है कि सेना की परंपराओं, उसकी आंतरिक एकजुटता और उसके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बहुस्तरीय प्रतीकों के बारे में कितनी कम समझ है। यह प्रतीक विभाजन के लिए नहीं, बल्कि प्रेरणा देने के लिए हैं। ऑपरेशन महादेव से शुरुआत करते हैं। हालांकि, मीडिया संस्थानों ने ऑपरेशन के स्थान को दाचीगाम के जंगल के रूप में व्यापक रूप से उद्धृत किया, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कहीं अधिक गूढ़ थी। यह ऐक्शन दाचीगाम और महादेव रिज के नाम से जानी जाने वाली एक ऊंची पहाड़ी के बीच स्थित एक सुदूर, ऊबड़-खाबड़ इलाके में की गई थी। यह चंदनवाड़ी से अमरनाथ गुफा तक 48 किलोमीटर लंबे तीर्थ मार्ग के उत्तर-पश्चिमी किनारे पर एक विशाल संरचना है। सैनिकों और स्थानीय लोगों, दोनों के लिए, 'महादेव' नाम एक भौगोलिक संदर्भ है, जो ऑपरेशनल जोन को सटीक रूप से निर्धारित करने में मदद करता है। यह शब्द स्पष्ट रूप से भगवान शिव के पवित्र मंदिर की निकटता से आया है। इसी तरह, भारतीय सेना ने अमरनाथ यात्रा के व्यापक सुरक्षा प्रयासों को लंबे समय से ऑपरेशन शिव नाम दिया है। नक्शों, स्थिति रिपोर्टों और ऑपरेशनल ब्रीफिंग में, यह शब्द सुरक्षा तैनाती को एक ज्ञात संदर्भ में स्थापित करता है। यह दिशा और स्पष्टता के बारे में है, धर्मशास्त्र के बारे में नहीं। आलोचक अक्सर इस तथ्य को नजरअंदाज कर देते हैं कि भारतीय सेना नामकरण की एक विस्तृत श्रृंखला का उपयोग करती है, और कभी-कभार ही पौराणिक कथाओं का संदर्भ देती है। ऑपरेशनल नाम भी अक्सर फॉर्मेशन के प्रतीक चिन्हों, प्रेरक विचारों, या यहां तक कि सैन्य कोडनामों से लिए जाते हैं। उदाहरण के लिए, भोपाल स्थित स्ट्राइक कोर अपनी प्रमुख प्रशिक्षण गतिविधि को लगातार अभ्यास सुदर्शन शक्ति के रूप में संदर्भित करता है। इसका नाम उसके फॉर्मेशन के प्रतीक चिन्ह - सुदर्शन चक्र के नाम पर रखा गया है। यह नाम गति, बल और रणनीतिक प्रहार का प्रतीक है। यह किसी यूनिट का नाम बाघ या वज्र के नाम पर रखने से अधिक धार्मिक नहीं है। यहां ध्यान क्षमता और संस्कृति पर है, न कि धर्म पर। शायद सबसे प्रतिष्ठित उदाहरण वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज का है। यहां सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारी 15 दिनों के कठोर युद्धाभ्यास कुरुक्षेत्र में भाग लेते हैं। अपनी पौराणिक उत्पत्ति के बावजूद, इस अभ्यास को संयुक्त परिचालन योजना के स्वर्णिम मानक के रूप में माना जाता है। विभिन्न धर्मों के अधिकारी इसे गर्व के साथ याद करते हैं।




**आप अभी जो हैं, अगर आप उससे संतुष्ट हैं, तो आपको इसका एहसास नहीं है कि अगर आप कोशिश करने के लिए तैयार हो जाएं तो आप क्या हो सकते हैं।**

– जग्गी वासुदेव

## Health is Wealth

# पानी पीते हुए भूलकर भी ना करें ये 3 गलतियां

## न्यूट्रीशनिस्ट बोले 'बिगड़ जाएगी सेहत'



**हम सभी जानते हैं कि पानी पीना हमारे शरीर के लिए कितना जरूरी है। हेल्दी रहने का बेसिक नियम ही यही है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीया जाए। अक्सर हम रोजाना का दो से तीन लीटर पानी पीने का कोटा भी पूरा कर लेते हैं। लेकिन क्या वाकई सिर्फ इतना काफी है? हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि महज पानी पीना ही काफी नहीं है, बल्कि सही तरीके से पानी पीना भी बेहद जरूरी है। सेलिब्रिटी न्यूट्रीशनिस्ट रायन फर्नांडिस ने एक वीडियो पोस्ट के जरिए ऐसी ही कुछ कॉमन गलतियों के बारे में बताया है। न्यूट्रीशनिस्ट का कहना है कि पानी पीते समय की गई ये गलतियां, धीरे-धीरे हमारी हेल्थ को खराब कर रही हैं। आइए इनके बारे में विस्तार से जानते हैं।**

### ◆ एक बार में बहुत ज्यादा पानी पीना

कई बार लोग एक बार में ही बहुत सारा पानी पी जाते हैं। ये नॉर्मल लग सकता है लेकिन सेहत पर इसका गहरा असर होता है। न्यूट्रीशनिस्ट रायन कहते हैं कि जो लोग एक बार में ही एक लीटर पानी पी जाते हैं, उनके लिए पानी बहुत नुकसान कर सकता है। दरअसल एक बार में ढेर सारा पानी पीने से पाचन धीमा हो सकता है और ब्लोटिंग की शिकायत हो सकती हैं। एक्सपर्ट पानी को धीरे-धीरे सिप करते हुए पीने की सलाह देते हैं और एक बार में लगभग 200 मिली पानी पीना हेल्दी मानते हैं।

### ◆ खड़े हो कर पानी पीना

घर के बड़े-बुजुर्गों से आपने सुना ही होगा कि कभी भी खड़े हो कर पानी नहीं पीना चाहिए। पानी हमेशा बैठकर आराम से घूंट-घूंट भर के पीना चाहिए। न्यूट्रीशनिस्ट रायन का भी यही कहना है। वो कहते हैं कि जब आप खड़े हो कर जल्दी-जल्दी पानी पीते हैं, तो आमतौर पर एक बार में बहुत सारा पानी पी लेते हैं। इससे किडनी और डाइजेशन, दोनों पर एक्स्ट्रा लोड पड़ता है और बॉडी फिल्ट्रेशन भी इफेक्ट होता है। इसका सॉल्यूशन यही है कि पानी हमेशा बैठ कर इत्मीनान से पीएं।

### ◆ फ्रिज का ठंडा पानी पीना

गर्मियों में ज्यादातर लोग फ्रिज से निकला एकदम चिल्ड पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये आदत हमारी सेहत पर नेगेटिव असर भी डाल रही है। दरअसल न्यूट्रीशनिस्ट रायन का कहना है कि दिन में कभी-कभार ठंडा पानी पीना सेफ होता है। लेकिन अगर आप सारा दिन सिर्फ फ्रिज वाला पानी पीते हैं, तो इससे पाचन स्लो हो सकता है, जो आपकी ओवरऑल हेल्थ पर असर डाल सकता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि नॉर्मल टेंपरेचर या गुनगुना पानी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए कोशिश करें आप ऐसा ही पानी पीएं।

## Punjab

# AC चलाकर एक ही कमरे में सोया परिवार, घर में घुसे चोरों मे साफ कर दिए करोड़ों के जेवर

**संगरूर,(एजेंसी)** बीती रात पंजाब में संगरूर जिले के गांव नमोल में एक बड़े चोरी के मामले ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया. चोरों ने गांव के निवासी चूहड़ सिंह के घर से करीब 92 तोले सोना और 2 लाख 35 हजार नकद चुरा लिया.इस दौरान परिवार के सभी सदस्य घर के एक कमरे में एसी चला कर सो रहे थे. चोर घर के पीछे की दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए और पुराने मकान के बाथरूम की छत से होते हुए कोठी में प्रवेश किया.

चोरों ने स्टोर रूम और दो बेडरूम में रखी लगभग पांच अलमारियों, दो पेटियों और एक लॉकर को तोड़कर कीमती गहने और नकदी चोरी की. चूहड़ सिंह ने बताया



कि उनका एक बेटा इटली, दूसरा कनाडा और बेटी भी विदेश में रहती है. घर में रखे गहने उन्हीं बच्चों की शादी के लिए रखे गए थे. चोर सब कुछ ले उड़े. घटना की जानकारी सुबह होते ही पुलिस को दी गई. थाना चीमा के एसएचओ विनोद कुमार ने मीडिया को बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई है. सीसीटीवी फुटेज और फिंगरप्रिंट की मदद से चोरी की तहकीकात की जा रही है.

गांव के सरपंच बाबू सिंह ने बताया कि उन्हें चूहड़ सिंह ने फोन पर चोरी की सूचना दी थी, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया. उन्होंने कहा कि चूहड़ सिंह का पूरा परिवार विदेश में रहता है और घर में सिर्फ वह, उनकी पत्नी, बहू और पोती थे.

## Jammu

# कुलगाम में मुठभेड़ जारी, आतंकियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों ने इलाका घेरा; अब तक दो दहशतगर्द ढेर



**श्रीनगर,(एजेंसी)** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच लगातार चौथे दिन मुठभेड़ जारी रही। दहशतगर्दों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर रखी है। सोमवार को दिन भर अखल के जंगल में भीषण फायरिंग और गोले दागने की आवाजें गूंजती रहीं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस ऑपरेशन में थोड़ा और समय लग सकता है, क्योंकि इलाका घने जंगल वाला है। आतंकियों के ऊंचाई पर होने के कारण सुरक्षाबलों को टारगेट तय करना चुनौती बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा घेरे में फंसे आतंकी पाकिस्तानी हो सकते हैं, जो अति प्रशिक्षित हैं। इनकी तलाश में सेना ड्रोन, हेलीकॉप्टर सहित अन्य आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर रही है। घने जंगल में छिपे आतंकवादियों को ढेर करने के लिए रॉकेट लांचर भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। सेना की स्पेशल पैरा फोर्स भी इस ऑपरेशन में शामिल है।

सेना के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम करीब आठ बजे जिले के देवसर में अखल के जंगल में चार-पांच आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना की नौ राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), जम्मू कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और सीआरपीएफ के जवानों ने क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया।

## Rajasthan

# टीचर ने 4 महीने तक नाबालिग से किया रेप

**जालोर,(एजेंसी)** राजस्थान के जालोर जिले के बागरा थाना इलाके के एक गांव में सरकारी टीचर पड़ोसी नाबालिग लड़की से 4 महीने से रेप कर रहा था। आरोपी टीचर रोटी बनाने के बहाने



घर ले जाकर पीड़िता से दुष्कर्म करता। विरोध करने पर डराता-धमकाता। इस कारण डरते हुए पीड़िता किसी को कुछ बता भी नहीं पाई। इधर मामले को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने आरोपी की 24 घंटे में गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो मंगलवार से कलेक्ट्रेट के सामने 12 गांवों के लोग अनशन पर बैठेंगे। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि गांव के एक गली में पड़ोस में रहने वाला एक सरकारी टीचर नाबालिग बेटी को अपने घर रोटी-बनाने का बहाना बनाकर घर ले जाता और 4 महीने से रेप करता रहा। पीड़िता के द्वारा विरोध करने पर डराता और धमकाता था।

## New Delhi

# 12 साल बाद सामान्य से 4% ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली,(एजेंसी) यूपी में बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। राज्य के 45 जिलों में बाढ़ आ गई है। लखनऊ, अयोध्या और अंबेडकरनगर में 12वीं तक के सभी स्कूल बंद हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान, राज्य में बारिश से 12 लोगों की मौत हो गई है।**

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के अनुसार, इस साल देश में 12 साल बाद लगातार दो महीने सामान्य से 4.1% ज्यादा बारिश हुई। जून में 9% तो जुलाई में 5% ज्यादा बारिश हुई। 2013 के बाद यह पहला मौका है, जब जून और जुलाई में लगातार सामान्य से ज्यादा बारिश हुई। काशी का महा श्मशान मणिकर्णिका घाट गंगा में डूब गया है। यहां अंतिम संस्कार के लिए लाशों की लाइन लग रही है। 5 से 6 घंटे इंतजार करना पड़ रहा है। घाट से करीब 15 फीट ऊपर छत पर एक साथ 8-10 लाशें जलाई जा रही हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। अब तक तीन लोगों की



मौत हो चुकी है।

भूस्खलन से रुद्रप्रयाग में दो दुकानें मलबे में दब गईं। देहरादून में स्कूल बंद कर दिए गए। कई नदियां उफान पर हैं। सरकार ने अलर्ट जारी कर प्रशासन को सतर्क रहने को कहा है। मध्य प्रदेश में कई इलाकों में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। राज्य में 16 जून को मानसून की एंट्री के बाद से जुलाई तक, बाढ़ के दौरान हुए हादसों में अब तक 275 लोगों की जान जा चुकी है। सरकार ने विधानसभा में यह आंकड़े बताए हैं।

## खेल

# ओवल में टीम इंडिया की रोमांचक जीत, टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबर, ब्रुक और रूट के शतक बेकार, सिराज चमके

**लंदन,(एजेंसी)** भारत ने ओवल में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट में छह रन से जीत हासिल की है। भारत ने 374 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 367 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को पांचवें दिन जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी और भारत को चार विकेट चाहिए थे। सिराज ने आज तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट लिया। सिराज ने पारी में पांच विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को चार विकेट मिले। आकाश दीप ने एक विकेट लिया। इसी के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। शुभमन गिल की अगुआई में एक युवा टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। किसी क्रिकेट पंडित ने भारत को इस दौरे से पहले पसंदीदा नहीं बताया था। हालांकि, गिल की युवा टीम ने सभी आलोचकों का मुंह बंद कर सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया।

भारत ने पहली पारी में 224




रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 247 रन पर समाप्त हुई थी और इंग्लिश टीम ने 23 रन की बढ़त हासिल की थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 396 रन बनाए और 373 रन की कुल बढ़त हासिल की और 374 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 367 रन पर समाप्त हुई। जो रूट की 105 रन और हैरी ब्रुक की 111 रन की पारी भी इंग्लैंड को हारने से नहीं बचा सकी। जैसे ही सिराज ने आखिरी विकेट के रूप में एटकिंसन को यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया, भारतीय फैंस और खिलाड़ियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सिराज दौड़ पड़े और भारतीय खिलाड़ी उन्हें गले लगाने के लिए दौड़ पड़े।

इंग्लैंड की दूसरी पारी में शुरुआत खराब रही थी। टीम ने 106 रन पर बेन डकेट, जैक क्राउली और कप्तान ओली पोप के विकेट गंवा दिए थे। क्राउली 14 रन, डकेट 54 रन और पोप 27 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, इसके बाद ब्रुक जब 19 रन पर थे, तो सिराज ने उनका कैच छोड़ा था। इस जीवनदान का फायदा उठाकर ब्रुक ने 98 गेंद में 14 चौके और दो छक्कों की मदद से 111 रन की पारी खेली। वहीं, रूट ने 105 रन बनाए। इन दोनों के बीच 195 रन की साझेदारी हुई। आकाश दीप ने ब्रुक और प्रसिद्ध ने रूट को आउट किया। जैकब बेथेल पांच रन बना सके। 337 रन पर रूट छठे विकेट के रूप में पवेलियन लौटे थे। इसके बाद भारत ने इंग्लैंड को 30 रन और बनाने दिए और आखिरी के चार विकेट ले लिए।

भारत ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 339 रन बनाए थे। दिन के आखिरी सत्र में अंपायरों ने लाइट मीटर से प्राकृतिक रोशनी को मापने के बाद खेल को रोकने का इशारा किया। खिलाड़ियों के मैदान से बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद तेज बारिश होने लगी और मैदानकर्मियों को पिच को कवर से ढकना पड़ा। तब जेमी स्मिथ दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे, जबकि ओवरटन ने खाता नहीं खोला था।

## सिनेमा

# 'पंचायत' के प्रह्लाद चा बोले, मेरे परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई थी जब...



'पंचायत' में प्रह्लाद चा का किरदार निभाने वाले अभिनेता फैजल मलिक ने बताया कि जब कोरोना की पहली लहर आई थी तब उनसे उनका सबकुछ छीनकर लेकर चली गई थी। उन्होंने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बताया कि उस समय उनके परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई थी और उसके दो महीने बाद 'पंचायत 2' की शूटिंग शुरू होने वाली थी। फैजल मलिक ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में कहा, "जब कोविड था तब मेरे पिताजी की डेथ हो गई थी। उसके दो महीने पहले काफी जान-पहचान वालों की डेथ हुई थी। मेरे पेट का भी निधन हो गया था। इरफान सर (इरफान खान) चले गए थे। उस समय तो आए दिन खबरें आ रही थीं। शहर भी बंद था। फिर निशिकांत कामत (फिल्ममेकर और एक्टर) की डेथ हो गई, वह मेरे काफी करीबी दोस्त थे। तो बहुत कुछ हो रहा था और उसी बीच मेरे पिताजी का भी इंतकाल हो गया। काम भी नहीं चल रहा था, लोन भी बढ़ते जा रहा था।" फैजल ने आगे कहा, "पापा की डेथ के बाद मेरे परिवार के बहुत लोगों की डेथ हुई। पापा, बड़े पापा, पापा के दोस्त, रिश्तेदार, दोस्त एक के बाद एक सबके जाने की खबर आ रही थी। समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है और जिस दिन मेरे पिताजी की डेथ हुई उस दिन मेरे भाई को कोविड हो गया। मैं डर गया था क्योंकि उसको डायबिटीज है। मैं रोज कब्रिस्तान जा रहा था।

## Highlights

1. ₹422-crore double decker flyover seen sinking 2 months after opening amid rain in Patna

2. Rahul convenes INDIA bloc meeting on August 7, Uddhav to attend

3. True Indian won't say this: SC as it slams Rahul over 'China grabbed 2,000km Indian land' claim

4. 'Education only weapon that can break chains of Sanatan,' says Kamal Haasan; sparks row

5. Settlements u/s 12(3) of IDA not administrative conveniences: SC

# ED issues LOC against Anil Ambani, asks him to appear for questioning on August 5

**NEW DELHI, (Agency).** The Enforcement Directorate (ED) has issued a lookout circular (LOC) against industrialist Anil Ambani as it investigates allegations of loan fraud worth thousands of crores against his group companies, people familiar with the development said on Friday.

The businessman has also been summoned under the Prevention of Money Laundering Act (PMLA) for questioning on August 5, they said.

A LOC is issued to prevent a person of interest from leaving the country and evading the legal process.

"We have issued a LOC against Anil Ambani and issued summons to him on August 5 asking him to appear in Delhi for recording his statement under the PMLA in the loan fraud probe," said an officer. He




said Anil Ambani was likely to be asked about various loans and findings of market regulator, Securities and Exchange Board of India (Sebi). The financial crimes probe agency last week carried out searches at the premises of 50 companies and 25 people, including senior executives of Reliance Anil Dhirubhai Ambani Group companies. Officials said that the action pertains to alleged financial irregularities and collective loan diversion pegged at more than ₹17,000 crore by multiple group companies, including Reliance Infrastructure (R Infra). Based on a Sebi report, ED found that R Infra allegedly diverted funds disguised as inter-corporate deposits (ICDs) to the Anil Ambani-led Reliance Group companies through a company named CLE. It is alleged that R Infra did not disclose CLE as its related party to avoid approvals from shareholders and audit panels.

# Agentic AI's continuous learning forms its Milky Way: Tredence's Soumendra Mohanty

**NEW DELHI, (Agency).** Artificial intelligence (AI) in workplaces is becoming more and more common. Relevance may still vary, but there are two distinct sides to that conversation — one in which AI will take over most, if not all human jobs rendering them jobless (and possibly hopeless), whilst the other talks about the need for a great realignment.

Soumendra Mohanty, who is chief strategy officer at data science company Tredence, is better placed than most to decode the changes the AI space is bringing to the workplace. More so, because





they design agentic AI workflows for enterprises, across multiple verticals including healthcare, banking and telecom. "We're building agentic workflows, as well as agents and models in that area, a constellation of all of these coming into an agentic workflow where there is a human in the loop," Mohanty gives us a glimpse into a work where more than one "copilot" will work in sync with a human in the loop.

"And there is this feedback loop that keeps it learning is what we are calling it the Milky Way," he adds. To add more context to the metaphor, the reference to "Milky Way" includes building towards a constellation of agent based systems, of course the continuous learning process, the human in the loop and an interconnected network, all of which he explains in the conversation with HT. Mohanty tells us he is working on a new concept, which is AI and various avatars, when it meets the individual's ambidexterity.

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरुरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरुरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।

समाज में जागरुकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक